**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/20124-हिं.अ.

दिनांक: 19.09.2024

**पृष्ठांकन**

**विषय : हिदी दिवस के अवसर पर माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्रियों की ओर से जारी संदेश।**

उपर्युक्त विषय पर भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011 के दिनांक 18.09.2024 के ई-मेल द्वारा प्रेषित माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री महोदय एवं राज्य मंत्रियों द्वारा हिंदी दिवस पर जारी संदेशों की एक प्रति संस्थान के सभी विभागों/अनुभागों/केन्द्रों को सूचना/आवश्यक कार्रवाई हेतु; एतदद्वारा, पृष्ठांकित की जाती है।

संलग्नक: यथोपरि।

(पदम सिंह)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.)

**वितरण:**

1. सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2. सभी विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।
3. निदेशक/संकायाध्यक्ष/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के प्रधान निजी सचिव।
4. अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय के प्रधान निजी सचिव।
5. वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
6. उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
7. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
8. उप-निदेशक (रा.भा.), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011.
9. प्रभारी-संकाय (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

जगत प्रकाश नड्डा
JAGAT PRAKASH NADDA

मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार

Minister
Health & Family Welfare
and Chemicals & Fertilizers
Government of India



## संदेश

**हिन्दी दिवस** हम सबके लिए महत्वपूर्ण और गौरवमयी दिन है। यह अवसर न केवल हमारी अपनी भाषा हिन्दी का उत्सव है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता का भी समारोह है। हिन्दी भाषा हमारे देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है और हमें एकता के सूत्र में बांधती है।

हिन्दी का इतिहास सदियों पुराना है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा और संचार के विभिन्न माध्यमों में हिन्दी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रेमचंद, निराला, महादेवी वर्मा जैसे महान साहित्यकारों ने हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया है और हमें गर्व है कि हम आपस में हिन्दी भाषा में बात करते हैं और एक-दूसरे के विचारों को जानते-समझते हैं।

आज के इस अवसर पर, हमें यह समझना होगा कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की भी वाहक है। हमें हिन्दी के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की जरूरत है। हमें हिन्दी को न केवल आपसी संवाद का माध्यम बनाना है, बल्कि इसे लिखने और पढ़ने में भी गर्व महसूस करना है।

हमें हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि यह भाषा हमेशा जीवंत और प्रगामी बनी रहे। आइए, हम सब मिलकर हिन्दी को और अधिक समृद्ध और सशक्त बनाने का संकल्प लें।

हिन्दी दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द!

जगत प्रकाश नड्डा

कार्यालयः 348, ए–स्कंध, निर्माण भवन, नई दिल्ली–110011 • Office: 348, A-Wing, Nirman Bhawan, New Delhi-110011
Tele.: (O): +91-11-23061661, 23063513 • Telefax: 23062358 • E-mail: min-hfm@gov.in

प्रतापराव जाधव
PRATAPRAO JADHAV

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत काल

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आयुष मंत्रालय
व
राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTER OF STATE
(INDEPENDENT CHARGE) OF
MINISTRY OF AYUSH AND
MINISTER OF STATE OF
MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA



## संदेश

प्रिय साथियों,

हिन्दी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। यह दिवस हम सभी के लिए गर्व और आनंद का दिन है क्योंकि हम अपनी भाषा हिन्दी भाषा के सम्मान में इस अवसर को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। हिन्दी हमारे देश की आत्मा है, इस भाषा ने सदियों से हमारे जीवन को संवारने का कार्य किया है।

हमारे देश की उन्नति और विकास में भी हिन्दी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आर्थिक प्रगति की बात करें तो व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में अधिकांश विज्ञापनों का माध्यम हिन्दी रखा जा रहा है। ऐसे में हम सभी देशवासियों का भी यह दायित्व बन जाता है कि हम अपनी भाषा के प्रति जागरूक और समर्पित रहें। हमें अपने दैनिक जीवन में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं हिन्दी को एक सक्षम और समर्थ भाषा बनाने में अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है और उसी का परिणाम है कि वैश्विक मंच पर हिन्दी लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रही है। हिन्दी भाषा न केवल भारत में, बल्कि विश्व के कई हिस्सों में बोली और समझी जाती है।

हमारा यह कर्तव्य है कि हम हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए हर संभव प्रयास करें। हमें दैनिक काम काज में हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। हमें हिन्दी में लिखे गए साहित्य को पढ़ने, समझने और प्रचारित करने का भी संकल्प लेना चाहिए। अपनी भाषा को और भी सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमें एक साथ आगे आना होगा। आइए हम सभी मिलकर हिन्दी के प्रति अपने प्रेम और सम्मान का समारोह मनाएं।

हिन्दी दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।जय हिन्द!

**(प्रतापराव जाधव)**

**Office :** 250, 'A' Wing, Nirman Bhavan, New Delhi-110011
Tele. : 011-23061016, 23061551, Telefax : 011-23062828, E-mail : mos-health@gov.in
**Residence :** 23, Ashoka Road, New Delhi-110001, Tele. : 011-23740412, 23740413, 23345478
**Camp office :** Khasdar Jansampark Karyalay, Jijamata Krida Sankul, Buldhana, Maharashtra-443001
Telefax : 07262-247777, E-mail : prataprao.jadhav@sansad.nic.in

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

अनुप्रिया पटेल
ANUPRIYA PATEL

सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार
MINISTER OF STATE
HEALTH & FAMILY WELFARE
AND CHEMICALS & FERTILISERS
GOVERNMENT OF INDIA

**संदेश**



**प्रिय साथियों,**

आज 14 सितंबर का दिन हम सभी भारतवासी **हिन्दी दिवस** के रूप में मना रहे हैं। हिन्दी केवल हमारे देश की भाषा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। यह भाषा न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है बल्कि हमारी पहचान को भी मजबूत बनाती है।

हिन्दी दिवस हमें इस बात की याद दिलाता है कि भाषा का महत्व केवल संवाद के माध्यम तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे बहुमूल्य और विशाल साहित्य और इतिहास को संजोने का भी माध्यम है। हिन्दी भाषा ने साहित्य, कला, संगीत और सिनेमा में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इस भाषा में निहित सरलता और मिठास हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती है।

आइए, हिन्दी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि हम हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे और पूरे सम्मान के साथ अपनी भाषा की अनुपम विरासत को भावी पीढ़ी के सुरक्षित हाथों में सौंपेंगे जिससे कि यह भाषा सदैव सजीव और सशक्त बनी रहे।

हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

**जय हिन्द !**

**(अनुप्रिया पटेल)**

**सितंबर 5, 2024**
**नई दिल्ली ।**

कमरा सं. 650, छठा तल, 'ए' विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011, फोन : +91-11-23061998, 23062427
Room No. 650, 6th Floor, 'A' Wing, Nirman Bhawan, New Delhi-110011, Tele : +91-11-23061998, 23062427
E-mail: mosap-mohfw@gov.in